# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 6 भूमंडलीकरण और सामाजिक परिवर्तन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
नाइके कम्पनी किसका उत्पादन करती है ?
उत्तर:
जूतों का।

प्रश्न 2.
सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के कारण पहली बार किसका भूमण्डलीकरण हुआ?
उत्तर:
वित्त का।

प्रश्न 3.
गुजरात में गोंद किस पेड़ से इकट्ठा किया जाता है ?
उत्तर:
बावल के पेड़ से।

प्रश्न 4.
संस्कृत भाषा के सबसे महान् व्याकरणाचार्य का नाम लिखिये।
उत्तर:
पाणिनि।

प्रश्न 5.
किस चीनी विद्वान ने चीन से भारत आते हुए मार्ग में जावा में रुककर संस्कृत सीखी थी?
उत्तर:
यी जिंग ने।

प्रश्न 6.
पाश्चात्य पूँजीवाद प्रारम्भ में कहाँ उभरा था?
उत्तर:
यूरोप में।

प्रश्न 7.
वित्तीय व्यापार के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखो।
उत्तर:

1. न्यूयार्क
2. टोकियो।

प्रश्न 8.
भारत में सन् 2000 तक इंटरनेट के ग्राहकों की संख्या कितनी थी?
उत्तर:
लगभग 30 लाख।

प्रश्न 9.
भारत में सन् 2000 तक इंटरनेट प्रयोगकर्ता की संख्या कितनी थी?
उत्तर:
1.5 करोड़।

प्रश्न 10.
भारत का दूर संचार नेटवर्क में विश्व में कौनसा स्थान है ?
उत्तर:
नौवाँ।

प्रश्न 11.
भारत में वाणिज्यिक मोबाइल सेवाएँ कब प्रारम्भ हुईं ?
उत्तर:
सन् 1995 में।

प्रश्न 12.
मोबाइल फोन के प्रयोग में भारत का कौनसा स्थान है ?
उत्तर:
चौथा।

प्रश्न 13.
नाइके कम्पनी की स्थापना कब हुई ?
उत्तर:
सन् 1960 में।

प्रश्न 14.
सबसे गरीब लोग कहाँ रहते हैं ?
उत्तर:
दक्षिणी एशिया में।

प्रश्न 15.
अंत: सरकारी संगठन का एक उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
विश्व व्यापार संगठन।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
विद्वान पाणिनि किस देश से सम्बन्धित थे?
उत्तर:
पाणिनि अफगान मूल के थे।

प्रश्न 17.
भूमण्डलीकरण की आम पहचान क्या है?
उत्तर:
बड़े पैमाने पर प्रवसन।

प्रश्न 18.
भूमण्डलीकरण का अर्थ समझाइये।
उत्तर:
भूमण्डलीकरण से आशय है सामाजिक और आर्थिक सम्बन्धों का तमाम दुनिया में विस्तार।

प्रश्न 19.
पाश्चात्य पूँजीवाद यूरोप में किस रूप में उभरा?
उत्तर:
उपनिवेशवाद के रूप में।

प्रश्न 20.
आई.एम.एफ. का पूरा नाम क्या है ?
उत्तर:
अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (इंटरनेशनल मौनेटरी फण्ड)।

प्रश्न 21.
W.T.O. का पूरा नाम क्या है ?
उत्तर:
विश्व व्यापार संगठन (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन)।

प्रश्न 22.
थिन एयर बिजनेस का दूसरा नाम क्या है ?
उत्तर:
विरल वात।

प्रश्न 23.
भारत की वित्तीय राजधानी किसे कहते हैं?
उत्तर:
मुम्बई को।

प्रश्न 24.
दो व्यक्ति देश या विदेश में अपने दस्तावेज या चित्र किसके माध्यम से भेज सकते हैं?
उत्तर:

उपग्रह प्रौद्योगिकी के माध्यम से।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
बाजार को खुला कर देने और अनेक उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा देने के क्या परिणाम सामने आये?
उत्तर:
बाजार को खुला कर देने और अनेक उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबन्धों को हटा देने से दुनिया के भिन्न-भिन्न भागों से उत्पादित वस्तुएँ देश की दुकानों पर मिलने लगी हैं।

प्रश्न 2.
'भूमण्डलीकरण' हम सबको प्रभावित करता है, किन्तु यह हमें अलग-अलग ढंग से प्रभावित करता है, क्यों?
उत्तर:
क्योंकि कुछ लोगों का विश्वास है कि भूमण्डलीकरण बेहतर विश्व के अग्रदूत के रूप में अत्यन्त जरूरी है। जबकि कुछ लोगों का भय है कि इससे सुविधावंचित लोगों की हालत और बदतर हो जाएगी।

प्रश्न 3.
भारत में कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों में श्रमिक शक्ति का वितरण विकसित देशों से भिन्न क्यों है?
उत्तर:
भारत में कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों में श्रमिक शक्ति का वितरण विकसित देशों से भिन्न है; क्योंकि यहाँ इन क्षेत्रों में प्रगति का स्वरूप विकसित देशों की अपेक्षा कम है।

प्रश्न 4.
वित्त के 'भूमण्डलीकरण' से क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
वित्त का 'भूमण्डलीकरण' प्रमुख रूप से सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति के कारण हुआ है। एकीकृत वित्तीय बाजार भूमण्डलीय आधार पर कुछ ही क्षणों में अरबों - खरबों डॉलर का लेन - देन कर देते हैं।

प्रश्न 5.
भूमण्डलीकरण शब्द को परिभाषित कीजिये।
उत्तर:
भूमण्डलीकरण का तात्पर्य है - सामाजिक तथा आर्थिक सम्बन्धों का तमाम दुनियाँ में विस्तार, जिसके कारण विभिन्न लोगों, क्षेत्रों तथा देशों के मध्य अन्तःनिर्भरता की वृद्धि हुई है।

प्रश्न 6.
आर्थिक सुधार किसे कहते हैं ?
उत्तर:
किसी देश के व्यापार को नियमित करने वाले नियमों और वित्तीय नियमनों को हटा देने के उपायों को ही आर्थिक सुधार कहा जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
उदारीकरण की नीतियाँ किन्हें कहते हैं?
उत्तर:
अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अर्थ है-किसी देश में व्यापार को नियमित करने वाले नियमों व वित्तीय नियमनों को हटाते हुए आर्थिक नीति में परिवर्तन लाने का निर्णय करना।

प्रश्न 8.
वित्त के भूमण्डलीकरण का क्या लाभ है?
उत्तर:
वित्त के भूमण्डलीकरण का यह लाभ है कि इसके आधार पर एकीकृत वित्तीय बाजार में इलेक्ट्रॉनिक परिपथों में, कुछ ही क्षणों में अरबों-खरबों डालर का लेन - देन संभव हो जाता है।

प्रश्न 9.
समाजशास्त्र भूमण्डलीकरण के किन परिणामों का अध्ययन करता है?
उत्तर:
समाजशास्त्र भूमण्डलीकरण के सामाजिक - सांस्कृतिक परिणामों के साथ-साथ व्यक्ति और समाज के सूक्ष्म और स्थूल, व्यष्टि और समष्टि, स्थानीय एवं भूमण्डलीय के बीच के सम्बन्धों का भी अध्ययन करता है।

प्रश्न 10.
घरों या कार्यालयों में बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध बनाए रखने के कौन-कौन से साधन हैं ?
उत्तर:
घरों या कार्यालयों में बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध बनाए रखने के अनेक साधन ये हैं - टेलीफोन, फैक्स मशीन, डिजिटल और केबल टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक मेल और इण्टरनेट आदि।

प्रश्न 11.
दिसम्बर, 2002 में मोबाइल ग्राहकों की संख्या कम क्यों थी?
उत्तर:
दिसम्बर, 2002 में मोबाइल ग्राहकों की संख्या कम इसलिए थी; क्योंकि मोबाइल हैंड सैटों की कीमत और मोबाइल टेलीफोनों की शुल्क दरें ऊँची थीं।

प्रश्न 12.
1980 के दशक में सेलफोनों को अविश्वास की दृष्टि से क्यों देखा जाता था?
उत्तर:
1980 के दशक में आपराधिक तत्त्वों द्वारा सेलफोनों का गलत प्रयोग किए जाने के कारण सेलफोनों को अविश्वास की दृष्टि से देखा जाता था।

प्रश्न 13.
भारत से अधिक मोबाइल फोन किन देशों में अधिक है?
उत्तर:
भारत से अधिक मोबाइल फोन तीन देशों में अधिक हैं।
ये देश हैं:

1. चीन

2. संयुक्त राज्य अमेरिका और
3. रूस।

प्रश्न 14.
पारराष्ट्रीय निगम कम्पनियाँ क्या हैं ?
उत्तर:
पारराष्ट्रीय निगम ऐसी कम्पनियाँ हैं जो एक से अधिक देशों में अपने माल का उत्पादन करती हैं अथवा बाजार सेवाएं प्रदान करती हैं। ये कम्पनियाँ छोटी फर्में भी हो सकती हैं और विशाल अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठान भी।

प्रश्न 15.
अन्तर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन क्या हैं ?
उत्तर:
अन्तर्राष्ट्रीय गैर - सरकारी संगठन 'स्वतंत्र संगठन' होते हैं जो नीतिगत निर्णय लेते हैं और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार करते हैं। जैसे - ग्रीन पीस, दि रेडक्रास, एमनेस्टी इंटरनेशनल आदि।

प्रश्न 16.
भूस्थानीयकरण से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
भू-स्थानीयकरण का अर्थ है-भूमण्डलीय के साथ स्थानीय का मिश्रण । इसके तहत प्रायः विदेशी फर्मे अपना बाजार बढ़ाने के लिए स्थानीय परम्पराओं को व्यवहार में लेती हैं।

प्रश्न 17.
अन्तःसरकारी संगठन क्या है?
उत्तर:
अन्तःसरकारी संगठन एक ऐसा निकाय होता है जो सहभागी सरकारों द्वारा स्थापित किया जाता है और जिसे एक विशिष्ट पारराष्ट्रीय कार्यक्षेत्र पर नजर रखने या उसे विनियमित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। जैसेविश्व व्यापार संगठन।

प्रश्न 18.
भूस्थानीयकरण का अर्थ बताइये। भूस्थानीयकरण का उदाहरण देकर समझाइये।
उत्तर:
भूस्थानीयकरण का अर्थ है-भूमण्डलीय के साथ स्थानीय का मिश्रण । इसके तहत प्रायः विदेशी फर्मे अपना बाजार बढ़ाने के लिए स्थानीय परम्पराओं को व्यवहार में लेती हैं। उदाहरण के लिए - मैक्डॉनाल्डस भी भारत में अपने निरामिष और चिकन उत्पादन ही बेचता है, गोमांस का उत्पाद नहीं तथा नवरात्रि पर वह विशुद्ध निरामिष हो जाता है।

प्रश्न 19.
उदारीकरण की आर्थिक नीति को संक्षेप में वर्णित कीजिए।
उत्तर:
उदारीकरण की आर्थिक नीति - भूमण्डलीकृत अर्थव्यवस्था का प्रमुख लक्षण हैं। उदारीकरण की आर्थिक नीति। भूमण्डलीकरण में सामाजिक और आर्थिक सम्बन्धों का विश्वभर में विस्तार सम्मिलित है। यह विस्तार कुछ आर्थिक नीतियों द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है, जिसे उदारीकरण की आर्थिक नीति कहा जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 20.
अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का क्या अर्थ है ?
अथवा
उदारीकरण से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अर्थ है-किसी देश में व्यापार को नियमित करने वाले नियमों व वित्तीय नियमनों को हटाते हुए आर्थिक नीति में परिवर्तन लाने का निर्णय करना। उदारीकरण में ऐसी आर्थिक नीतियों को अपनाना है जिससे आर्थिक सम्बन्धों में विश्वभर में विस्तार हो तथा अपनी अर्थव्यवस्था को विश्व बाजार के लिए खोल दिया गया हो।

प्रश्न 21.
आर्थिक सुधार से आपका क्या आशय है ?
उत्तर:
अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार द्वारा पहले से अपनाई नीतियों पर अब विराम लग गया है। अर्थव्यवस्था में उदारीकरण का आशय है - भारतीय व्यापार को नियमित करने वाले नियमों और वित्तीय नियमनों को हटा देना। इन उपायों को आर्थिक सुधार भी कहा जाता है।

प्रश्न 22.
अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से ऋण लेना जरूरी क्यों है ? ऋण लेने की क्या शर्ते होती हैं?
उत्तर:
उदारीकरण की प्रक्रिया के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से ऋण लेना जरूरी हो गया है। ये ऋण कुछ निश्चित शर्तों पर दिए जाते हैं। सरकार को कुछ विशेष प्रकार के आर्थिक उपाय करने के लिए वचनबद्ध होना पड़ता है और इन आर्थिक उपायों के अन्तर्गत संरचनात्मक समायोजन की नीति अपनानी होती है। इन समायोजनों का अर्थ सामान्यतः सामाजिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा में राज्य के व्यय में कटौती है।

प्रश्न 23.
स्वदेशी शिल्प और ज्ञान व्यवस्था के लिए भूमण्डलीकरण एक खतरा कैसे है ?
उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
स्वदेशी शिल्प और ज्ञान व्यवस्था के लिए भूमण्डलीकरण एक खतरा है। उदाहरण के लिए, भारतीय बाजारों में चीन तथा कोरिया के सूत आ जाने से यहाँ सूत बनाने वाले अपना रोजगार खो बैठे हैं। टेलीविजन के कारण मुम्बई के थियेटर ग्रुप अब निष्क्रिय हो गये हैं। स्वदेशी परम्परागत आयुर्विज्ञान व कृषि सम्बन्धी ज्ञान पर हमला करते हुए विदेशी कम्पनियाँ तुलसी, हल्दी और बासमती चावल के प्रयोग को पेटेंट करा रही हैं।

प्रश्न 24.
'भूमण्डलीकरण के साथ 'श्रम का एक नया अन्तर्राष्ट्रीय विभाजन' भी उभरा। उपयुक्त उदाहरण देकर विवेचना कीजिए।
उत्तर:
भूमण्डलीकरण के कारण एक नया अन्तर्राष्ट्रीय श्रम-विभाजन उभरा है जिसमें उन देशों में उत्पादन केन्द्र

खोल दिया जाता है, जहाँ मजदूरी सस्ती हो। नाइके कं. ने इसी प्रक्रिया के तहत जूते का उत्पादन केन्द्र जापान से 1970, 1980 और 1990 के दशक में क्रमशः दक्षिण कोरिया, थाइलैण्ड और भारत में स्थानान्तरित कर दिया।

https://www.evidyarthi.in/